न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी जिला नागौर(राज0)

पीठासीन अधिकारी :– बाबूलाल जाट, आर.ए.एस.
राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या :– 04/2020 **GCMS No. 2020/0006**

प्रार्थी

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

बनाम

अप्रार्थीगण

कुशलाराम पुत्र लिछमणराम, श्रीमति सुरजीदेवी पत्नी लिछमणराम, भंवरीदेवी पुत्री डालूराम, मोहनराम पुत्र हाफाराम, लिखमाराम पुत्र हाफाराम जाट निवासीगण अड़कसर तहसील कुचामनसिटी

आदेश

दिनॉक :– 25/9/2020

तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66, 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, सहमति पत्र मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का अड़कसर व भू–अभिलेख निरीक्षक चितावा एवं अभिशंषा तहसीलदार कुचामनसिटी का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया जिसके अनुसार ग्राम अड़कसर पटवार मण्डल अड़कसर तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 498, 838/494, 841/493, 842/490, 837/496, 840/506, 839/497, 843/502, 489 में बगड़ियो की ढ़ाणी जाने वाले सड़क से लिखमाराम मोहनराम पि. हाफाराम जाट की ढ़ाणी तक मौके पर रास्ता चालू है जो राजस्व रेकार्ड में दर्ज नही है संबंधित खातेदार द्वारा उक्त भूमि को रास्ते हेतु सहमति प्रदान की है एवं सरपंच ग्राम पंचायत अड़कसर द्वारा भी सहमति प्रदान की है, साथ ही तहसीलदार कुचामनसिटी ने उक्त भूमि को रास्ते के रूप में दर्ज किये जाने की अपनी स्पष्ट अभिशंषा की है। इस प्रकार यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार कुचामनसिटी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम अड़कसर पटवार मण्डल अड़कसर तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 498, 838/494, 841/493, 842/490, 837/496, 840/506, 839/497, 843/502, 489 मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का अड़कसर एवं भू.अ.निरीक्षक चितावा एवं नजरी नक्शे मुताबिक रास्ता दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है, तहसीलदार कुचामनसिटी उक्त अनुसार पालना कर रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

यह आदेश आज दिनॉक 25/9/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर: उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर))

(बाबूलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2020.10.24 12:29:12 IST
Reason: SelfAttested